# विषय सूची


| | |
|---|---|
| भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश | v |
| माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का संदेश | vii |
| योग विशेषज्ञ समिति | viii |
| प्रस्तावना | 1 |
| योग क्या है ? | 5 |
| योग का संक्षिप्त इतिहास एवं विकास | 5 |
| योग के आधारभूत तथ्य | 6 |
| पारंपरिक योग संप्रदाय | 7 |
| स्वास्थ्य और कल्याण के लिए यौगिक अभ्यास | 7 |
| योग अभ्यास के लिए सामान्य दिशानिर्देश | 9 |
| ध्यान देने योग्य विचार | 10 |
| योग किस प्रकार सहायता कर सकता है? | 10 |
| 1. प्रार्थना | 11 |
| 2. सदिलज/चालन क्रिया/शिथिलीकरण अभ्यास | 11 |
| (i) ग्रीवा चालन (ग्रीवा शक्ति विकासक) | 11 |
| (ii) स्कंध संचालन | 13 |
| (iii) कटि संचालन (कटि शक्ति विकासक) | 14 |
| (iv) घुटना संचालन | 15 |
| 3. योगासन | 15 |
| क. खड़े होकर किए जाने वाले आसन | 15 |
| ताड़ासन | 15 |
| वृक्षासन | 16 |
| पादहस्तासन | 17 |
| अर्ध चक्रासन | 18 |
| त्रिकोणासन | 19 |
| ख. बैठकर किए जाने वाले आसन | 20 |
| भद्रासन | 20 |

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
भारत के माननीय प्रधानमंत्री

# संदेश

विश्व भर के योग प्रेमियों को मेरा नमस्कार। योग भारत के ऋषियों–मुनियों द्वारा विश्व को दिया गया एक अनमोल उपहार है। श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है **'समत्वं योग उच्यते'** अर्थात् समभाव ही योग कहलाता है।

योग सिर्फ आसन नहीं है बल्कि यह बिना किसी खर्च के फिटनेस और वेलनेस की गारंटी भी देता है। योग प्रातःकाल में की जानी वाली क्रिया मात्र नहीं है बल्कि यह रोजमर्रा के कार्यों को दक्षता और पूरी सतर्कता के साथ करने की शक्ति भी है। रोग से निरोग होने का मार्ग योग है। योग हमारी सोच, कार्य, ज्ञान और समर्पण को बल देता है और हम बेहतर इंसान बनते चले जाते हैं। योग से हम न केवल स्वयं को अच्छे से जान पाते हैं अपितु यह दूसरों को समझने में भी हमारी मदद करता है।

जब हम स्वयं को समझते हैं तो हम समाज के साथ एक रचनात्मक जुड़ाव बना लेते हैं। योग हमें अपने परिवार, अपने समाज, पशु–पक्षियों और समस्त संसार के साथ एक सूत्र में जुड़े होने की अनुभूति देता है। इस प्रकार योग **'मैं'** से **'हम'** की अनोखी यात्रा है। आज व्यक्ति आधुनिक जीवन शैली से उपजी समस्याओं से ग्रस्त है। तनाव, अवसाद (डिप्रेशन), मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां धीरे–धीरे व्यक्ति को मार रही हैं। योग इन सभी बीमारियों का समाधान देते हुए मन, शरीर और बुद्धि को संतुलित कर व्यक्ति के अंतर्द्वंद्व और तनाव को खत्म कर आनंद देता है।

योगाभ्यास तनाव से मुक्ति पाने और मन को प्रसन्न व शांत रखने में अत्यंत मददगार है। दिनभर की थकान के बाद पानी से हाथ–मुँह धोने से जैसी ताजगी मिलती है, उसी तरह आपाधापी के बीच थोड़ा–सा प्राणायाम या कुछ देर का शवासन हमें आराम और ऊर्जा देता है। योग उम्र, लिंग, जाति, पंथ, धर्म और राष्ट्र के बंधन और सीमाओं से परे है। योग किसी में भेद नहीं करता बल्कि यह तो बस अभ्यास करने की इच्छाशक्ति चाहता है।

अतिरेक के बीच संयम और संतुलन है योग। दिमागी तनाव के बीच मन की शांति है योग। विचलित करने वाले क्षणों से निकालकर ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाता है योग। निराशा और भय के बीच योग आशा, शक्ति और साहस है।

योग मन को शांति देता है। वे लोग जिनके मन में शांति है वह दूसरों को भी शांति देते हैं। इस प्रकार के लोग सौहार्दपूर्ण राष्ट्र का निर्माण करते हैं और ऐसे राष्ट्र सौहार्द से परिपूर्ण विश्व का निर्माण करते हैं। मुझे खुशी है कि योग की लोकप्रियता वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। आज जब अधिकाधिक लोग योग को अपने जीवन का एक अहम हिस्सा बना रहे हैं, तो योग शिक्षकों की मांग भी बढ़ रही है। हमारी अगली चुनौती प्रशिक्षित योग शिक्षकों को तैयार करना है जो योग के प्रति इस लगाव और उत्साह को सकारात्मक दिशा दे सकें और विशेष रूप से युवाओं को इसके लिए प्रोत्साहित कर सकें।

आप सभी योग प्रेमियों को मेरी शुभकामनाएं।

**(नरेन्द्र मोदी)**

**नई दिल्ली**
**29 मई, 2018**

सत्यमेव जयते

श्रीपाद नाईक
SHRIPAD NAIK

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा,
यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) FOR
AYURVEDA, YOGA & NATUROPATHY
UNANI, SIDDHA AND HOMOEOPATHY (AYUSH)
GOVERNMENT OF INDIA



# संदेश

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामान्य योग अभ्यासक्रम पुस्तिका प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह पुस्तिका बेंगलुरू के एस व्यासा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. एच. आर. नागेंद्र की अध्यक्षता में, योग विशेषज्ञों और भारत के प्रतिष्ठित योग संस्थानों के प्रमुखों की समिति ने तैयार की है। इसका संपादन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक डॉ. ईश्वर. वी. बसवरड्डि द्वारा किया गया है। पुस्तिका स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी यौगिक अभ्यासों का परिचय देती है।

योग आत्मचेतना का एक दर्शन है। यह हमें सभी नकारात्मक विचारों और उत्तेजनाओं से मुक्त करता है। हमारे प्राचीन ऋषियों ने योग के माध्यम से, दु:खों को दूर करके हर्ष के एकसमान प्रवाह से पूर्ण, आनंदमय अनुभवों से भरे जीवन को जीने की कला सिखाई है।

योग मुख्यतः आध्यात्मिक साधन है और बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन तथा प्रचार संबंधी पहलुओं में इसका प्रभाव प्राचीन काल से सुस्थापित है। हाल के शोधों ने ऐसे कई मनोदैहिक विकारों के प्रबंधन में योग के प्रभाव को दिखाया है, जिनमें पिछले कुछ दशकों के दौरान बढ़ोत्तरी हुई है। इस प्रकार, योग भारत और विदेशों में एक लागत प्रभावी और किफायती स्वास्थ्य देखभाल संबंधी विकल्प के रूप में उभर रहा है।

आयुष मंत्रालय सफलतापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करता रहा है, जिसमें दुनिया भर के लोगों में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया। इसे पूरी दुनिया में व्यापक समर्थन मिला।

यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ओजस्वी नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा किए गए महान प्रयासों में से एक है।

मैं योग विशेषज्ञों और भारत के प्रतिष्ठित योग संस्थानों के प्रमुखों को धन्यवाद और बधाई देता हूँ जिन्होंने इस पुस्तिका को तैयार करने में योगदान दिया है। मुझे आशा है कि पुस्तिका योगाभ्यासियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

मैं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता की कामना करता हूँ।

**श्रीपाद नाईक**

101, आयुष भवन, बी–ब्लॉक, जी पी ओ कॉम्पलेक्स, आई एन ए,
नई दिल्ली–110023
दूरभाष : 011-24651955, 011-24651935 फैक्स : 011-24651936
ईमेल : minister-ayush@nic.in

निवास (दिल्ली) : 1, लोधी स्टेट, नई दिल्ली–110003
दूरभाष: 011-24635396 फैक्स : 011-24656910
निवास (गोवा) : 'विजयश्री' मकान नं. 111,
सेंट पेड्रो, ओल्डगोवा, गोवा–403402
दूरभाष : 0832-2444510, 0832-2444088

## लाभ

- यह आसन तंत्रिका से संबंधित स्नायुओं के समन्वय और शरीर को संतुलित बनाने, सहनशीलता, जागरूकता एवं एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है।

## सावधानियां

- कृपया आर्थराइटिस, चक्कर आने पर इस आसन का अभ्यास न करें।

## पादहस्तासन

पादहस्तासन का अर्थ है पाद अर्थात् पैर, हस्त अर्थात् हाथ। इस आसन के अभ्यास में हथेलियों को पैरों की तरफ नीचे ले जाया जाता है। इस आसन के अभ्यास को उत्तानासन भी कहा जाता है।

## अभ्यास विधि



- पादहस्तासन का अभ्यास करते समय सर्वप्रथम दोनों पैरों में 2 इंच का अंतर रखते हुए खड़े हो जाएं।
- धीरे–धीरे श्वास को शरीर के अंदर खींचते हुए हाथों को ऊपर की ओर ले जाना चाहिए।
- कटिभाग से शरीर को ऊपर की ओर ले जाएं।
- श्वास छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें जबतक हथेलियां ज़मीन को स्पर्श न करें।
- कमर को खींचते हुए जितना संभव हो सीधा रखने का प्रयास करें।
- सामान्य श्वास–प्रश्वास के साथ इस शारीरिक स्थिति में 10–30 सेकेंड तक रुकें।



- इस आसन का अभ्यास करते समय अपनी क्षमता के अनुसार झुकना चाहिए।
- श्वास को भरते हुए धीरे–धीरे हाथों को सिर के ऊपर तक खींचकर रखना चाहिए।
- श्वास को शरीर के बाहर छोड़ते हुए धीरे–धीरे विपरीत क्रम से प्रारंभिक अवस्था में वापस आ जाएं।
- समस्थिति में विश्राम करें।



- चित्र में दिखाए अनुसार अंगूठों से कर्णछिद्र बंद कर लें। तर्जनी अंगुली को आंखों के कोनों पर रखें और दोनों मध्यमा अंगुलियों को नासा रन्ध्रों पर रखें। अनामिका ऊपर वाले होंठ के ऊपरी हिस्से पर और कनिष्ठा नीचे वाले होंठ के पास लगायें। इसे षणमुखी मुद्रा कहते हैं।
- धीरे–धीरे नियंत्रित रूप से श्वास को बाहर छोड़ते समय भौंरे जैसी आवाज निकालें। इस तरह भ्रामरी प्राणायाम का एक चक्र पूर्ण होता है।
- इसे और 4 बार दोहराएं।


### लाभ

- भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास तनाव से मुक्त करता है और चिंता, क्रोध एवं अतिसक्रियता को घटाता है।
- भौंरे जैसी आवाज का प्रतिध्वनिक प्रभाव तंत्रिकातंत्र एवं मस्तिष्क पर लाभकारी होता है।
- यह महत्त्वपूर्ण शांतिकारक अभ्यास है; जो तनाव संबंधी विकारों को दूर करने में लाभकारी होता है।
- यह एकाग्रता और ध्यान के लिए एक उपयोगी प्रारंभिक प्राणायाम है।

### सावधानियां

- नाक एवं कान में यदि किसी प्रकार का संक्रमण हो तो इस आसन को नहीं करना चाहिए।

## 6. ध्यान



ध्यान लगातार चिंतन–मनन की एक क्रिया है।

**शारीरिक स्थिति :** कोई भी आरामदायक स्थिति।

### अभ्यास विधि

- सर्वप्रथम किसी भी आरामदायक स्थिति में बैठ जाएं।
- मेरुदण्ड को बिना किसी प्रकार का कष्ट दिए सीधा रखें।
- ज्ञान मुद्रा या ध्यान मुद्रा धारण करें। (चित्र में दी हुई आकृति)
- अंगूठे और तर्जनी अंगुली के सिरों को आपस में स्पर्श कराएं।

